कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष–भू प्रबंध), वन भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल

सी–ब्लॉक, द्वितीय तल, लिंक रोड नं.–2, तुलसी नगर, भोपाल–462003

क्रमांक / एफ–3 / 50 / 2019 / 10–11 / 6 / 3416 भोपाल, दिनांक 28/06/2024

प्रति,

वन महानिरीक्षक (एफ.सी.)
भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
इंदिरा पर्यावरण भवन, अलीगंज,
जोरबाग रोड़, नई दिल्ली–110003

विषयः–जिला दतिया एवं जिला ग्वालियर के अन्तर्गत मॉ रतनगढ़ बहुउद्देशीय परियोजना के निर्माण हेतु 1305.142 हेक्टेयर वनभूमि कार्यपालन यंत्री, हरसी उच्च स्तरीय नहर संभाग क्र–2 डबरा जिला ग्वालियर को उपयोग पर देने बाबत्।
(FP/MP/IRRIG/40397/2019).

संदर्भः–भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, अलीगंज, जोरबाग रोड़, नई दिल्ली का पत्र क्र. 8-28/2021-FC दिनांक 10.06.2024

––00––

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र से भारत सरकार द्वारा प्रकरण से संबंधित Complete Layout Plan एवं उत्तर प्रदेश सरकार की टिप्पणियों को शामिल करते हुए Wildlife Management Plan चाहा गया है।

आवेदक संस्थान द्वारा परियोजना के सम्पूर्ण ले–आउट प्लान को प्रस्ताव के भाग–1 में अतिरिक्त जानकारी की टेबल के बिन्दु क्रमांक–20 में अपलोड किया गया है।

प्रस्ताव में यह लेख है कि यह परियोजना सिंध नदी पर बनाई जा रही है। सिंध नदी चम्बल नदी की सहायक नदी नहीं है तथा यह सीधा उत्तर प्रदेश में यमुना नदी में मिलती है। जिस स्थान पर सिंध नदी यमुना नदी से मिलती है उसके लगभग 20 कि.मी. अपस्ट्रीम (Upstream) में चम्बल नदी यमुना नदी से मिलती है। इस तथ्य की पुष्टि गूगल मेप से भी की जा सकती है।

चम्बल नदी, यमुना नदी से चकरपुर उत्तर प्रदेश स्थान पर मिलती है। जबकि सिंध नदी यमुना नदी से उत्तरप्रदेश के कंजौसा नामक स्थान पर मिलती है। इन दोनों स्थानों की परस्पर जलीय दूरी 10.50 कि.मी. है। चकरपुर मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश की राज्य सीमा से 12.61 कि.मी. दूर (जलीय दूरी) होकर उत्तरप्रदेश राज्य में स्थित है। जबकि कंजौसा मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश की राज्य सीमा से 7.90 कि.मी. दूर (जलीय दूरी) होकर उत्तरप्रदेश राज्य में स्थित है। इस प्रकार स्पष्ट है कि सिंध नदी चम्बल नदी की सहायक नदी नहीं है।

मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय चम्बल अभ्यारण्य की सीमा जहां समाप्त होती है, वहां से चकरपुर की जलीय दूरी 37.40 कि.मी. तथा हवाई दूरी 27.20 कि.मी. है। जबकि कंजौसा से जलीय दूरी 47.90 कि.मी. एवं हवाई दूरी 28.10 कि.मी. है। परियोजना के डूब क्षेत्र से चंबल अभ्यारण्य के ESZ की हवाई दूरी 56.70 कि.मी. है तथा चंबल अभ्यारण्य से हवाई दूरी 58.00 कि.मी. है। सुलभ संदर्भ हेतु इन विभिन्न स्थितियों को दर्शाने वाले मानचित्र को प्रस्ताव के भाग–1 में अतिरिक्त जानकारी की टेबल के बिन्दु क्रमांक–19 में अपलोड किया गया है।

चम्बल एवं सिंध नदियों के यमुना नदी के साथ संगम स्थल अलग–अलग होने से स्पष्ट है कि चम्बल एवं सिंध नदी के केचमेन्ट क्षेत्र पृथक–पृथक है, जिन्हे एक Ridge line पृथक करती है। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि सिंध नदी पर प्रस्तावित बांध से राष्ट्रीय चम्बल अभ्यारण्य के जलीय जीवों एवं उनके रहवासों पर प्रभाव पड़ने की संभावना कम है।

यह भी लेख है कि Wildlife Management Plan पर उत्तर प्रदेश सरकार का अभिमत प्राप्त होते ही मध्यप्रदेश राज्य के मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक का अभिमत प्राप्त कर आपको सैद्वांतिक स्वीकृति उपरान्त प्रेषित कर दिया जायेगा। तदानुसार ही वन्यप्राणी प्रबंधन योजना को मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक मध्यप्रदेश से स्वीकृति उपरान्त आपको प्रेषित कर दी जायेगी।

अतः उपरोक्तानुसार अनुरोध है, कि प्रकरण में भारत सरकार की सैद्वांतिक स्वीकृति प्राप्त कर अवगत कराने का कष्ट करें।

28.06.24

(एच.एस.मोहन्ता)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

पृ. क्रमांक / एफ–3 / 50 / 2019 / 10–11 / 6 / 3417 भोपाल, दिनांक 28/06/2024

प्रतिलिपिः–

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (व.प्रा.), वन भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल।
2. मुख्य वन संरक्षक, (क्षेत्रीय) ग्वालियर वृत्त ग्वालियर, मध्यप्रदेश।
3. वनमंडलाधिकारी, (सा0) वन मण्डल दतिया / ग्वालियर / भिण्ड, मध्यप्रदेश।
4. कार्यपालन यंत्री, हर्सी हाई लेवल नहर संभाग क्रं.–2 डबरा, जिला–ग्वालियर, मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।

28.06.24

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल